# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092**

**सत्र: 2025-2026**

| कक्षा:-चार | विषय:-हिंदी व्याकरण | पाठ:-भाषा और व्याकरण |
|---|---|---|

**<u>भाषा</u>:- जिस साधन के द्वारा हम अपने भावों और विचारों को प्रकट करते हैं तथा दूसरों के विचारों को समझते हैं, उसे भाषा कहते हैं।**

**<u>भाषा के रूप:-</u> भाषा के दो रूप होते हैं-**

**<u>१.</u> मौखिक भाषा**

**<u>२.</u> लिखित भाषा**

**⁎हमारे देश में अधिकतर हिंदी भाषा बोली जाती है। हिंदी के अतिरिक्त कुछ राज्य में अन्य भाषाएँ बोली जाती हैं।**

| राज्य | भाषा |
|---|---|
| १. उत्तर प्रदेश | हिंदी |
| २. पंजाब | पंजाबी |
| ३. महाराष्ट्र | मराठी |
| ४. असम | असमिया |
| ५. केरल | मलयालम |
| ६. कर्नाटक | कन्नड़ |
| ७. गोवा | कोंकणी |

**⁎भारत में बाईस (२२) भाषाओं को मान्यता दी गई है।**

* हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। १४ सितंबर १९४९ (1949) को भारत सरकार ने हिंदी को राजभाषा घोषित किया, इस कारण हम भारतवासी प्रतिवर्ष १४ सितंबर को 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाते हैं।

लिपि :- भाषा को लिखने के लिए जिन ध्वनि चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें लिपि कहते हैं।

| भाषा | लिपि |
|---|---|
| हिंदी, संस्कृत | देवनागरी |
| मराठी | देवनागरी |
| पंजाबी | गुरुमुखी |
| उर्दू | फ़ारसी |
| अंग्रेज़ी | रोमन |

व्याकरण:- व्याकरण वह साधन है जो हमें भाषा को शुद्ध रूप में बोलना, पढ़ना व लिखना सिखाता है।